॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

हे ब्रह्म! मैं तेरी शरण में आया हूँ और जहाँ भी मैं जाता हूँ वहाँ तुझे ही दृष्टिपात करता हूँ। प्राची दिक् में, पूर्व में अग्नि का प्रावधान हो रहा है और दक्षिण में इन्द्र बन करके रहते हो और प्रतीची दिक् में वरुण बन करके रहते हो उदीची दिक् में सोम बन करके रहते हो, ज्ञान के भण्डार हो, ध्रुवा में पालन करने वाले विष्णु हो और ऊर्ध्वा में पालन करने वाला बृहस्पति कहलाता है। वह प्रभु! की उपासना करता है प्रातः काल कहता है कि प्रभु पाप करने के लिए कहाँ जाऊँ और मेरे द्वारा पाप क्यों हों? हे प्रभु! मुझे इतनी शक्ति प्रदान करो कि मैं पूर्व में अग्नि के तुल्य तेज को दृष्टिपात करता रहूँ, मैं दक्षिण में इन्द्र को दृष्टिपात करता रहूँ। और अन्न का जो भण्डार है जो मानव को वृत्त बनाता है। हे प्रभु! प्रतीची में तुम वरुण बन करके रहते हो और वह वरुण ही मेरे जीवन की सार्थकता है इसी प्रकार उदीची में सोम बन करके रहते हों। सोम किसे कहते हैं? ज्ञान को सोम कहते हैं, विज्ञान को सोम कहते है। विवेक को सोम कहते हैं, वह धारण होने वाला सोम है। योगीजन इसी सोम को पान करते हुए ज्ञान और विवेक से सने हुए अमृत को प्राप्त करते हैं तो उनकी वाणी में सोमपन आ जाता है। प्रभु! आप ध्रुवा में पालन करने वाले विष्णु बन करके रहते हो, आज हम सबकी पालना करने वाले हो और ऊर्ध्वा में प्रभु! आप बृहस्पति बन करके मेरे जीवन के रक्षक बनते हो, क्योंकि रक्षा विद्या और विवेक से होती है। ज्ञानी ही संसार में महान् कहलाता हैं और उसका नेतृत्व करने वाला बृहस्पति कहलाता है।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अंक : 569 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 644
वर्ष : 48 44 समग्र वर्ष : 54

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1. प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2. अनुक्रम		4
3. महर्षि भारद्वाज का विज्ञान	पूज्यपाद-गुरुदेव	5-21
4. महर्षि सम्भूति ऋषि द्वारा तप की विवेचना	पूज्यपाद-गुरुदेव	22-37
5. दो प्रकार का ज्ञान	पूज्यपाद-गुरुदेव	38
6. ऋषियों के उद्‌गार		39
7. दान, पुस्तकों की सूची व पुस्तक प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		40-42

चतुर्वेद ब्रह्म पारायण महायाग

परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा से एवम् पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज (पूर्व शृङ्गी ऋषि जी) के शुभ आशीर्वाद से प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चतुर्वेद ब्रह्म पारायण महायाग का आयोजन लाक्षागृह बरनावा में श्री महानन्द संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में दिनाँक 1 मार्च, 2020 से 8 मार्च, 2020 तक बड़े हर्ष एवम् उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है जिसमें आप सब अपने सम्बन्धियों व मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

श्री गाँधी धाम समिति (पञ्जी.)

॥ ओ३म् ॥

महर्षि भारद्वाज का विज्ञान

जीते रहो!

देखो मुनिवरों! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा अनन्तमयी माने गए हैं और जितना भी यह जड़ जगत अथवा चैतन्य जगत हमें दृष्टिपात आ रहा है, उस सर्वत्र ब्रह्माण्ड के मूल में प्रायः वे परमपिता परमात्मा दृष्टिपात आते रहते हैं। क्योंकि **ये संसार दो प्रकार का माना गया है**–एक जड़वत है तो द्वितीय चैतन्य है। परन्तु वे परमपिता परमात्मा दोनों प्रकार के जगत में निहित रहते हैं। **चेतना के मूल में ज्ञान और प्रयत्न है।** और जितना भी ये जगत ये पिण्ड रूप में चाहे गतिवान भी हो, कहीं तो यदि ज्ञान और प्रयत्न नहीं हैं तो वो चेतना से रहित है, वह संसार जड़वत माना गया है। इसीलिए हमारे यहाँ उस परमपिता परमात्मा की जो महती है वह अनन्तमयी है। इसीलिए प्रत्येक वेद मन्त्रः उस परमपिता परमात्मा की गाथा गा रहा है, जिस प्रकार माता का पुत्रः माता की गाथा गा रहा है, उस प्रकार ये पृथ्वी ब्रह्माण्ड की गाथा गा रही है। क्योंकि जब प्रत्येक वेद मन्त्र के हम गर्भ में प्रवेश करते हैं तो प्रायः प्रत्येक वेद मन्त्र उस परमपिता परमात्मा की गाथा गाता रहता है अथवा उसके गुणों का वर्णन करता रहता है।

वसुन्धरा की विवेचना

मुनिवरों! इसीलिए हमारे यहाँ वेद मन्त्रों में उस परमपिता परमात्मा को

वसुन्धरा के रूप में वर्णित किया गया है। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा वसुन्धरा के रूप में हैं व सर्वत्र ब्रह्माण्ड उसी में वशीभूत रहता है। जिस प्रकार माता के गर्भस्थल में मानो ये शिशु पनपता रहता है और माता अपने में उसे धारण कर रही है अथवा उसे बसा रही है। इसीलिए उसको वसुन्धरा के रूप में वर्णित किया गया है। मानो वे मेरी प्यारी माता अपने में बसा रही है। कैसा उस प्रभु का विज्ञान है। इसीलिए हमारे यहाँ परमपिता परमात्मा को विज्ञानवेत्ता कहते हैं। मेरे प्यारे! वो महिमावादी हैं। मेरे पुत्रों! देखो जब हम जैसे पुत्र माता के गर्भस्थल में निहित होते हैं। तो मानो जैसे बिन्दु, बिन्दु में एक शिशु है और शिशु जब माता के गर्भस्थल में प्रवेश हो जाता है तो मानो सर्वत्र देवता उसकी रक्षा करने के लिए तत्पर हो जाते हैं। मेरे पुत्रों! **देवाम् भूतम् ब्रह्मणम् देवाः**। वह जो देवताजन् हैं, वो माता के गर्भस्थल में शिशु की रक्षा कर रहे हैं। मुनिवरों! देखो, वह जो चन्द्रमा वह हमें अमृत दे रहा है। सूर्य प्रकाश दे रहा है और अग्नि उष्ण बना रही है और मुनिवरों! वह जो आपो है वही उस स्थली में मानो देखो **एकतम् ब्रह्माः वर्णम् ब्रव्हे क्रतम्।** वही माता के गर्भस्थल में मेरे पुत्रों! देखो, आपो ही ओढ़न है, आपो ही आसन बना हुआ है और आसन ही मानो उसके पासे हैं। वह जलों में निहित रहने वाला शिशु है जो आपो में बेटा! आपोवर्णित बन रहा है। परन्तु इसी प्रकार **आपाम् देवत्वाम् लोकाम् हिरण्यम् वृथाः**। मुनिवरों! देखो वह देवता है और वह अग्नि मुनिवरों! देखो जब उष्ण बनाती रहती है। और देखो वायु गति दे रहा है, वह प्राण दे रहा है। और मुनिवरों! ये अमृतम् गुरुत्व देने वाली पृथ्वी है और ये अन्तरिक्ष उसे अवकाश दे रहा है। वाह रे मेरे प्रभु! तू कितना विज्ञानवेत्ता है। जब तेरे विज्ञान की विवेचना करना प्रारम्भ हम करते हैं तो मानो एक-एक वाक्य तेरा विज्ञान में निहित रहता है। मेरी भोली माता को ये ज्ञान नहीं है कौन निर्माण कर रहा है, कौन निर्माणवेत्ता है। मेरे पुत्रों! देखो सर्वत्र देवता उस शिशु की रक्षा कर रहे हैं। मानो वो देवत्व पनप रहा है। इसीलिए हमारे यहाँ वह जो देवत्व है उसी अमृतम् ब्रह्माः वह अमृत को प्रदान कर रहा है। माता अपने में बसा रही

है–वह वसुन्धरा है। और जब माता के गर्भ से वही शिशु, मेरे प्यारे! देखो इस संसार सागर में आता है, माता के गर्भ से पृथक् हो जाता है और माता के गर्भस्थल में बेटा! पूर्णत्व रचना हो जाती है। बहत्तर करोड़ बहत्तर लाख दस हजार दो सौ दो नाड़ियों का निर्माण करता रहता है।

मेरी भोली माता को कोई ज्ञान नहीं है, कौन निर्माण कर रहा है, कौन निर्माणवेत्ता है। मेरे प्यारे! देखो, कहीं हृदय का निर्माण हो रहा है, कहीं मानो देखो बुद्धि का निर्माण हो रहा है। बुद्धि एक नहीं होती, अनन्य हैं। जैसे हमारे यहाँ बुद्धि है वह साधारणत्व कहलाती है जो संसार को दृष्टिपात कर करती रहती है। परन्तु देखो बुद्धि, मेधा, ऋतम्भरा और प्रज्ञा कहलाती है। ये चार प्रकार की मानो देखो **ये मन की वृत्तियाँ** मानी गयी हैं जिसे बुद्धि के रूप में वर्णन किया गया है। आचार्यों ने बेटा! बुद्धि को कहीं सुमिता कहा है, कहीं बुद्धि को मेरे प्यारे! रेणुका कहा है। इसके नाना प्रकार के भेदन माने गए हैं और ये नाना भेदनों वाली जो मानो बुद्धियाँ हैं इसी के ऊपर मानव बेटा! परम्परागतों से ही अन्वेषण करता रहा है अथवा अनुसन्धान करता रहा है।

आओ मुनिवरों! देखो मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा तो तुम्हें देने नहीं आया हूँ। केवल परिचय देना हमारा कर्तव्य है। मुनिवरों! देखो, यही जब माता के गर्भ से पृथक् होकर संसार में आता है तो ये पृथ्वी माता की गोद में आ जाता है। ये पृथ्वी नाना प्रकार के मानो व्यञ्जनों को देने वाली है। ये पृथ्वी नाना प्रकार के खाद्य और खनिज पदार्थों को प्रदान करती रहती है। मेरे प्यारे! देखो, कृषक इसे दुहने लगता है और वैज्ञानिक जब इसके गर्भ में प्रवेश करता है तो विज्ञानवेत्ता बेटा! देखो कहीं मानो स्वर्ण की धातु को जानने के लिए तत्पर हो जाता है। कहीं मेरे प्यारे! देखो, इस माता के गर्भस्थल में स्वर्ण के परमाणुओं का आदान-प्रदान हो रहा है। कहीं मेरे पुत्रों! इस पृथ्वी के गर्भ में जल शक्तिशाली बनाया जा रहा है, सूर्य की किरणों का उसमें व्यवधान हो जाता है। तो मेरे प्यारे! वही जल है जो वाहनों में

शुद्धिकरण हो करके वही मुनिवरों! देखो वाहनों में क्रिया देने वाला है। हे मेरी प्यारी माता वसुन्धरा! तुझे वेद वसुन्धरा कहता है। हे पृथ्वी! तू वसुन्धरा है। तू हमें अपने में बसा रही है। हमें मानो जीवन प्रदान कर रही है। ये नाना प्रकार का खाद्य और खनिज तेरे से ही, तेरे गर्भ से उत्पन्न हो रहा है। मेरे पुत्रों! देखो, जब वैज्ञानिकजन इसके गर्भ में प्रवेश करते हैं, पृथ्वी माता के गर्भ में प्रवेश करते हैं तो नाना प्रकार का धातु पिपाद मानव के समीप आता है और वो नाना प्रकार के यन्त्रों का निर्माण करते रहते हैं। मेरे प्यारे! देखो अग्नि को जानते रहते हैं। **अग्नम् ब्रह्मणा वृतम्।** मेरे प्यारे! वही अग्नि है जो नाना प्रकार की धातुओं को पृथ्वी के गर्भ में तपायमान करती है, वही तो तपती रहती है। तो मुनिवरों! देखो, हमारे ऋषि-मुनियों ने जब इस संसार को जानने के लिए तत्पर रहे, तो मुनिवरों! देखो इसके विज्ञान को जानने लगे।

महर्षि भारद्वाज मुनि की यज्ञशाला

मेरे प्यारे! मुझे वो काल स्मरण आता रहता है जब मुनिवरों! देखो महर्षि भारद्वाज मुनि के यहाँ नाना ब्रह्मचारी अध्ययन करते रहते थे और नाना प्रकार के ज्ञान और विज्ञान को जानते रहते थे। मेरे पुत्रों! देखो मुझे स्मरण आता रहता है जब महर्षि भारद्वाज मुनि महाराज, मेरे पुत्रों! देखो, अपने आसन पर अपने विद्यालय में विद्यमान थे। तो महर्षि भारद्वाज मुनि के यहाँ नाना ब्रह्मचारी अध्ययन करते रहते थे और वे ब्रह्मचारियों को ही अध्ययन कराते रहते थे क्या इस संसार को जानना चाहिए और इस संसार में कितना विज्ञान है। मानो प्रभु की कैसी अनुपमता है उसको जानने का प्रयास करो। मेरे प्यारे! देखो, नाना ब्रह्मचारी, जैसे ब्रह्मचारी सुकेता, ब्रह्मचारी कवन्धि, ब्रह्मचारी यज्ञदत्ता और ब्रह्मचारी रोहिणी कृतिका, महर्षि पणपेतु, ब्रह्मचारिणी शबरी और भी नाना ब्रह्मचारी अध्ययन करते रहते थे। मेरे पुत्रों! देखो इस अध्ययनशाला में वो विज्ञान के नाना प्रकार के तथ्यों में रमण कर जाते। भारद्वाज मुनि महाराज ने बेटा! सबसे प्रथम अपने यहाँ अपने आश्रम में एक यज्ञशाला का निर्माण

किया था। जिस यज्ञशाला को मेरे प्यारे! देखो, वैज्ञानिकजन उस पर अनुसन्धान भी करते रहे। मुझे स्मरण आता रहता है मेरे प्यारे! देखो, **जब भी उनके यहाँ कोई अतिथि आता**, उसी काल में मुनिवरों! देखो अतिथि के द्वारा आश्रम में याग होता यज्ञशाला में और उसके ऊपर अनुसन्धान होता रहता। तो महर्षि भारद्वाज मुनि महाराज ने उस यज्ञशाला को मानो ऐसा निर्माणित किया था बेटा! ऐसे यन्त्रों का निर्माण किया, क्या मुनिवरों! देखो जो यज्ञशाला में याग कर रहे थे–उन यज्ञशालाओं में देखो होता, अध्वर्यु, उद्गाता और ब्रह्मा इत्यादि यजमान होतागण और यज्ञशाला का जितना आकार बना हुआ था, उतने आकार वाला एक रथ, उन्हें मानो देखो यन्त्रों में दृष्टिपात आता रहा और उन यन्त्रों को मानो देखो, अमृतम् ब्रह्माः, वे चित्र उसमें दृष्टिपात आते रहते थे यन्त्रों में।

महायाग

मेरे पुत्रों! देखो, मुझे स्मरण आता रहता है, गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज और भी नाना ऋषिवर, मेरे पुत्रों! एक समय महर्षि भारद्वाज मुनि के आश्रम में पहुँचे और भारद्वाज मुनि महाराज ने उनका स्वागत किया। क्योंकि हमारे यहाँ ये जो नाना प्रकार के यागों का वर्णन है, ये परम्परागतों से ही बड़ा विचित्र माना गया है। मानो देखो पञ्च यागों को हमारे यहाँ महायाग के रूप में वर्णन किया गया है। जैसे बेटा! देखो, हमारे यहाँ सबसे प्रथम ब्रह्मयाग का वर्णन है। ब्रह्म का चिन्तन करना, ब्रह्म की आभा में निहित रहना। मेरे प्यारे! देखो देवयाग करना, देवताओं की पूजा करना है। मैं आज पूजा के सम्बन्ध में कोई विचार नहीं दूँगा। केवल इतना ही सङ्केत हमें देना है, क्या पूजा का अभिप्राय है, प्रत्येक देवता के द्वारा जो गुण हैं, चाहे वो जड़ है, चाहे वो चैतन्य है उन गुणों को अपने में धारण करने का नाम उनकी पूजा मानी गयी है। मेरे पुत्रों! यह विवेचना मैंने तुम्हें कई काल में वर्णन की है। आज मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा नहीं, केवल देखो, देवता का अर्थ है, क्या उनके गुणों को अपने में धारण करना और सुगन्ध

करना और याग करना, वेद मन्त्रों के उद्घोष के द्वारा। मेरे पुत्रों! वो देवयाग कहलाता है। उसके पश्चात् अब अतिथि याग है। वह कोई भी अतिथि हमारे आश्रम में मानो गृह में किसी भी काल में गृह में प्रवेश करे तो उसको तृप्त करना चाहिए। मेरे प्यारे! देखो द्वितीय बलि वैश्व यागों का वर्णन है। तो मानो यह पञ्च महायागों का वर्णन हमारे यहाँ भूत याग के सहित पञ्च यागों का वर्णन बेटा! इसको महायाग कहा गया है। याग का अभिप्राय ये है क्या **जितने भी शुभकर्म हैं, वे सर्वत्र वास्तव में याग माने गए हैं।** आज मैं याग की विस्तृत विवेचना नहीं कर पाऊँगा।

माता मदालसा का याग

मेरे प्यारे! मुझे याग के सम्बन्ध में एक वार्त्ता स्मरण आ रही है। जब माता मदालसा के गर्भस्थल में देखो अन्तर्हृदय में मानो गर्भ में शिशु का प्रवेश होता था तो माता बेटा! अपने गर्भ की आत्मा से वार्त्ता प्रकट करती रही। मेरे पुत्रों! मैं तुम्हें बड़ी विचित्र वार्त्ता प्रकट कर रहा हूँ। जो वेद का मन्त्र भी इस सम्बन्ध में कुछ कह रहा है। मेरे प्यारे! देखो, माता के गर्भस्थल में जब हम जैसे शिशु विद्यमान हों और माता ये चाहती है कि मेरा गर्भाशय संसार में उज्ज्वल बन जाए, पवित्र बन जाए तो बेटा! जैसे माता के गर्भस्थल में जब आत्मा का प्रवेश, शिशु का प्रवेश हो जाता उस समय वो गर्भ की आत्मा से वार्त्ता प्रगट करती और कैसे करती बेटा! देखो प्राण और अपान को मानो, दोनों को एक सूत्र में लाकर के और मुनिवरों! देखो उदान से उसका समन्वय करती हुई, मेरे प्यारे! देखो, आत्मा से वार्त्ता प्रकट करती रही हैं मेरी प्यारी माताएँ। और माता ने कहा **सम्भूति ब्रह्माः सम्ब्रव्हे वृतम् देवत्वाम् हे शिशुम् ब्रव्हा कृतम्।** बेटा! वेद का वाक्य ये क्या कह रहा है। माता कहती है, हे बाल्य! तू मेरे गर्भस्थल में शिशु जो वास कर रहा है। तू जो मेरे गर्भस्थल में भी आया है तो तुझे ब्रह्मवेत्ता बनना है और ब्रह्मनिष्ठ बन करके मानो देखो इस संसार के मान अपमान में तुझे परणित नहीं होना है। तुझे परमपिता परमात्मा के अन्तर्हृदय में ही प्रवेश करना है। तो माता

जिस समय ये उपदेश देती रहती और विवेचना गर्भस्थल में करती रहती उसे संस्कारों को परिपक्व वह बेटा! देखो माता एक याग कर रही है। वो याग है बेटा! आज मैं याग की विवेचना तुम्हें विस्तृत नहीं, केवल ये, क्या जितना भी सुकर्म है, इन पञ्च यागों में बेटा! जितने सुकर्म हैं, वह सब इनके गर्भस्थल में प्रवेश हो जाते। मेरे प्यारे! जो इनको जान लेता है वो वास्तव में प्रियतम को प्राप्त हो जाता है।

महर्षि भारद्वाज मुनि आश्रम में ऋषियों का प्रवेश

आओ मेरे प्यारे! मैं दूरी न चला जाऊँ, विचार केवल ये कि महर्षि भारद्वाज मुनि के यहाँ बेटा! यज्ञशाला का जो निर्माण हुआ वह चौबीस कोणों की यज्ञशाला थी। वो चौबीस कोणों की यज्ञशाला में जो याग करता बेटा! वो धन्यता को प्राप्त होता रहा है। मेरे प्यारे! देखो, गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज और देखो उनके नाना ऋषिवर जैसे महर्षि वैशम्पायन, ब्रह्मचारी व्रतकेतु, मेरे प्यारे! देवात्म् धनम्, देखो गाड़ीवृताः और मुनिवरों! देखो, जैसे महर्षि प्रह्वाण, महर्षि शिलक, महर्षि दालभ्य, महर्षि रेणुकेतु और महर्षि विभाण्डक और महर्षि वृतवाहक ऋषि महाराज, मेरे प्यारे! देखो, नाना ऋषिवर वे गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज के आश्रम में विद्यमान थे। उन्होंने उनसे कोई प्रश्न किया। उन्होंने कहा, चलो आज तो महर्षि भारद्वाज मुनि की विज्ञानशाला को दृष्टिपात करके आएँगे। मेरे प्यारे! उन्होंने वहाँ से गमन किया और भ्रमण करते हुए मुनिवरों! वे गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज की अध्यक्षता वाला समाज, भारद्वाज मुनि आश्रम में उन्होंने प्रवेश किया। भारद्वाज मुनि ने बेटा! उनका अतिथि किया। ब्रह्मचारी सुकेता और कवन्धि से कहा, क्या, ऋषियों का स्वागत करो। उनको बेटा! जैसा उनकी योग्यता थी उसके अनुसार उन्होंने आसन दिया। अपने-अपने आसन पर विद्यमान हो गए। उन्होंने बेटा! उनका अतिथि किया और अतिथि करने के पश्चात् उन्होंने नतमस्तक हो करके कहा, कहो भगवन्! मेरे सुयोग्य क्रिया अमृतम् उद्गीत गाइये। उन्होंने कहा, हे भगवन्! हमारी कोई ऐसी जिज्ञासा या

प्रश्नावृति नहीं है। हम तो केवल कुछ जानने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा, प्रभु! क्या जानना चाहते हो?

शब्द का नृत्य

उन्होंने कहा, हे ऋषिवर! हम इस जिज्ञासा में लगे हुए हैं, वेद मन्त्रों में यह आता है, क्या मानव के शब्दों का मानो देखो नृत्य होता रहता है और वह द्यौ लोक में प्रवेश होते रहते हैं। मानो हमें यह जिज्ञासा बनी। हम ये चर्चा ही कर रहे थे। मानो हम आपसे प्रश्न तो नहीं करना चाहते हैं क्योंकि हम तो जिज्ञासु हैं और जिज्ञासा ले करके आए हैं। उन्होंने कहा, प्रभु! जो उच्चारण करोगे, वह जो योग्यता है उससे, पृथाबहे मेरे पुत्रों! देखो, उन्होंने कहा सम्भव प्रहे। महर्षि भारद्वाज मुनि बोले कि महाराज, मेरे आश्रम का एक नियम बना हुआ है, कुछ समय से, कि मैंने एक यज्ञशाला का निर्माण किया है और जो आता है अतिथि, मेरे यहाँ सबसे प्रथम याग करता है। और वो याग में परणित हो करके मानो उसके पश्चात् उनकी जिज्ञासाओं का निवारण होता रहता है, जितना जानते हैं। मानो विशेष नहीं, जितना भी जानते हैं, उतना निवारण कर पाते हैं। मेरे प्यारे! देखो, वे बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने देखो, ऋषि मुनियों में, कोई उनमें से ब्रह्मा बना, कोई उद्गाता बना, कोई अध्वर्यु बना, कोई यजमान बना और होताजन बनकर के और पुरोहित बनकर के बेटा! उस यज्ञशाला में याग का प्रारम्भ किया। जब वे याग प्रारम्भ करने लगे तो ब्रह्मचारी सुकेता ने और कवन्धि ने बेटा! उसमें यन्त्रों को निर्धारित कर दिया। जब मेरे प्यारे! देखो, यन्त्रस्तम् उसमें विद्यमान हो गए–जैसे ही वो उद्गाता, अध्वर्यु मानो उद्गीत गाने लगे और साकल्य अग्नि होत्र करने लगे तो साकल्य जैसे उसमें प्रदान किया, नाना प्रकार का देखो हुत करने लगे तो मेरे पुत्रों! जैसै स्वाहा उच्चारण करते थे, उनके चित्र, शब्दों और शब्दों के चित्र बेटा! देखो यन्त्रशाला में दृष्टिपात आने लगे। उन्होंने कहा, भारद्वाज मुनि बोले, हे ऋषिवर! ये तुम्हारे चित्र बन करके मानो द्यौलोक को प्रवेश कर रहे हैं, द्यौलोक को गमन कर रहे हैं। मेरे प्यारे! देखो

उन्होंने कहा द्यौवम् भूतम् ब्रह्माः, द्यौलोक को ये प्राप्त हो रहे हैं। ये दृष्टिपात करो।

मेरे प्यारे! देखो, **तीन प्रकार की शब्दों की श्रेणी होती है**। एक मानो देखो भूः और भुवः , स्वः। मेरे पुत्रों! जो स्वः वाला शब्द है वो महान् पवित्र होता है और वह शब्द जितना भी शुद्ध और पवित्र होगा और निराभिमानी होगा, मानो जितना वो सात्विक वातावरण से भी उपरामता को प्राप्त होगा, वो द्यौलोक में प्रवेश हो जाएगा। और द्यौ की आभा में रत्त हो जाएगा। परन्तु एक शब्द वह है जो रजोगुण से सना हुआ शब्द है, वह मेरे प्यारे! भुव लोक में ओतप्रोत हो जाता है। और जो मनिवरों! तमोगुण, रजोगुण से मिश्रित होता है, वह मुनिवरों! देखो भूलोक में गमन करता है। मेरे प्यारे! देखो, आज मैं इसके ऊपर तुम्हें कोई विज्ञान विशेषता प्रगट करने नहीं आया हूँ। विचार केवल ये, क्या मुनिवरों! देखो जो सात्विक शब्द होते हैं वो द्यौलोक में जाते हैं। इसीलिए मानव के लिए यह कहा है कि तू हृदय को ऊर्ध्वा बना करके शब्दों के ऊपर उद्गीत गा, अन्यथा यही शब्द है जो अग्नि प्रदीप्त कर देता है। यही शब्द है जो द्यौ लोक में मानो द्यौ में प्रवेश हो जाता है। मेरे पुत्रों! देखो, ऋषि ने इस प्रकार जब वर्णन कराया, उन्होंने कहा तुम याग करते रहो। और तुम अपने शब्दों के साथ में चित्रों को दृष्टिपात करते रहो। वे द्यौ लोक में जा रहे हैं। द्यौवम् भूतम् ब्रह्माः क्रतम्। ये द्यौ में ही मानो देखो चित्र भी रहता है। इसी में शब्द रहता है और वह मुनिवरों! देखो उसी में क्रियाकलाप रहता है, वह विद्यमान हो जाता है। तो आओ मेरे पुत्रों! देखो जब ऋषियों ने इस प्रकार विज्ञानशाला में यन्त्रों को दृष्टिपात किया तो वे बड़े प्रसन्न हुए और वे बोले कि धन्य है प्रभु! विज्ञानाता भूतम् ब्रव्हे, तुम्हें धन्य है भगवन्।

मेरे पुत्रों! देखो उन्होंने याग के माध्यम से अपने प्रश्नों को, अपनी जिज्ञासा को उन्होंने पूर्ण किया और उन्होंने कहा प्रभु, मेरी जिज्ञासा पूर्ण हो गयी है। तो मुनिवरों! देखो महर्षि भारद्वाज इत्यादि ब्रह्मणे। वह बड़े प्रसन्नता में परणित हो गए। गाड़ीवान रेवक ने कहा, धन्य है प्रभु!

रक्त के बिन्दु में मानव का दर्शन

मेरे पुत्रों! भारद्वाज की विज्ञानशाला में एक यन्त्र का और निर्माण हुआ था। बेटा! एक वेद मन्त्र वो गान रूप में गाते रहते थे और वेद का मन्त्र ये कहता, **यस्सुतम् ब्रह्मेः चित्रो रथम् ब्रहा, क्रतम् देवत्वाम् मामाम् ब्रहे वर्णस्सुताः।** वेद का मन्त्र ये कहता रहता था, क्या माता के गर्भस्थल में एक बिन्दु है और बिन्दु में ही शिशु रहता है और मानो शिशु रूप में वह रहकर के उसी से बाल्य का निर्माण होता है। प्रभु निर्माण करता रहता है। मानो देखो हम, ऐसा अपने में कि हम भी यन्त्र, उस मानो देखो उसका आकार, रक्तम् भूतम् ब्रव्हे। मेरे प्यारे! देखो उन्होंने एक यन्त्र का निर्माण किया था उस समय। बहुत पुरातनकाल की वार्त्ता बेटा! तुम्हें प्रगट करा रहा हूँ। भारद्वाज मुनि के यहाँ एक यन्त्र निर्माण हुआ था। मेरे प्यारे! देखो, एक रक्त का बिन्दु, उस यन्त्र में प्रवेश कर दिया जाए तो मुनिवरों! जिस मानव का रक्त का बिन्दु, उसी का चित्र दृष्टिपात आता रहता था। मेरे प्यारे! देखो, विज्ञान अपनी प्रतिभा में बड़ा विचित्र बनकर के रहा है। मुझे बहुत सा काल, बेटा! हमें स्मरण आता रहता है। मुनिवरों! ऋषि मुनियों के मस्तिष्कों में बेटा! प्रज्ञावी में कितना महान्, कितनी महानता विद्यमान रही है। विचार आता रहता है। मेरे प्यारे! क्या उनके यहाँ एक यन्त्र चित्रावली का निर्माण हुआ था बेटा! मेरे प्यारे! देखो भारद्वाज मुनि महाराज जब चित्रावली में ले गए तो उस यन्त्र में ये विशेषता कि एक रक्त का बिन्दु है, उस रक्त के बिन्दु से, जिस मानव का रक्त का बिन्दु है उसी का चित्र उस यन्त्र में दृष्टिपात आ जाता था।

मेरे प्यारे! देखो महर्षि सामकेतु, दद्दड गोत्रीय एक समय महर्षि भारद्वाज मुनि के आश्रम में पधारे। भारद्वाज मुनि ये वर्णन करा रहे हैं ऋषियों से, क्या, जब सोमकेतु हमारे आश्रम में विराजे, तो उन्होंने कहा प्रभु मैं ये चाहता हूँ क्या मैं अपने कुछ पूर्वजों का दर्शन करना चाहता हूँ। उन्होंने कहा, हमने ब्राहा भारद्वाज बोले, क्या कहीं तुम्हें रक्त का बिन्दु, तुम्हें कहीं प्राप्त हो जाए अपने पूर्वजों का, तो मैं तुम्हें दर्शन करा सकता हूँ। मेरे प्यारे!

देखो, जब वे अपने आश्रम में पहुँचे तो उनके पिता, महापिता, मानो देखो उनके कहीं छठे महापिता मानो देखो उनके सँग्रहालय में पहुँचे। अपने पूर्वजों के सँग्रहालय थे, उनमें एक वस्त्र पर एक मानो छठे महापिता का एक बिन्दु था। एक रक्त का बिन्दु उस वस्त्र पर था। मेरे पुत्रों! देखो उसे लाकर के और उन्होंने भारद्वाज मुनि को कहा, प्रभु! मुझे ये प्राप्त हुआ है। इनको बेटा! एक सौ पचासी वर्ष जिनके शरीर को पूर्ण हो गया था, निधन हो गया था। मेरे पुत्रों! देखो उस समय ब्रह्मणे, यन्त्रों में उसी रक्त के बिन्दु से उसी अपने उनके छठे महापिता का बेटा! उनका दर्शन हो गया।

मेरे प्यारे! देखो, भारद्वाज मुनि ने कहा, क्या हे भगवन्, मैं तुम्हें ये दृष्टिपात कराऊँगा, तुम अपना-अपना एक रक्त का बिन्दु दो। और बिन्दु से तुम्हारा ही दर्शन यन्त्रों में दृष्टिपात आने लगेगा। मेरे प्यारे! देखो, विज्ञान अपनी आभा में परम्परागतों से बेटा! नृत्य करता रहा है। और ऋषि मुनियों के मस्तिष्कों में ये विज्ञान मानो नृतिका बन करके रहा। आज मैं विज्ञान के युग में तुम्हें ले जाना नहीं चाहता हूँ। केवल तुम्हें ये परिचय देना चाहता हूँ कि हमारे यहाँ सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर के ही और मुनिवरों! देखो ये क्रियाकलाप और देखो अन्वेषण का चलता रहता है। प्रत्येक वेद मन्त्र के ऊपर अध्ययन होता रहा है और उस अध्ययन में मानो जो विज्ञान है, वह अपने में बड़ा सार्थक बनकर के रहा है।

महर्षि भारद्वाज मुनि की प्रेरणा का स्रोत

मेरे पुत्रों! देखो भारद्वाज और गाड़ीवान रेवक आदि ऋषिवर सब विद्यमान हो गए। उन्होंने कहा, हे भारद्वाज, तुम्हारा जो ये विज्ञान है ये बड़ा अनुपम मुझे दृष्टिपात आया। हमारा आत्मा तो बड़ा प्रसन्न हो गया है। हम तो कहीं वेद मन्त्रों में इनका अध्ययन करते रहे और क्या शब्द की इतनी गति है। शब्द ऐसे गमन करता है। परन्तु आज जो हम दृष्टिपात कर रहे हैं, हमारा अन्तरात्मा बड़ा प्रसन्न हो रहा है। उन्होंने कहा, धन्यम् ब्रव्हे, उन्होंने एक वाक्य कहा, क्या भगवन्, हम ये एक वाक्य जानना चाहते हैं

ऋषिवर! क्या तुम्हारा जो गोत्र है वो भारद्वाज है, और भारद्वाज गोत्रों में बड़े वंशलज हुए हैं। मानो तुम्हारे गोत्र में नाना देखो वंशावली चली आ रही है। तुम्हारे गोत्रों का निकास मानो नाना ऋषियों से हुआ है। भारद्वाज गोत्रों का जो निकास हुआ है वो दृदृढ़ गोत्रों से हुआ है। और मानो, अमृतम् ब्रहे क्रतम् देवत्वाम्। तुम्हारे गोत्रों का जो निर्माण हुआ है भारद्वाज का, वो मानो देखो हरितत गोत्रों से तुम्हारा निकास हुआ है और हरितत गोत्रों का निकास, वायु गोत्र से हुआ है और वायु गोत्रों में मानो देखो लाखो वंश चले गए। और इसी प्रकार हरितत गोत्र में भी लाखों वंश चले गए। और तुम्हारे मानो देखो वायु गोत्रों का जो निकास हुआ, वो ब्रह्मा के पुत्र सोमवृतिका से तुम्हारा ये वंश चला है। और जितने ये वंशलज हुए हैं, इनमें सब मानो ब्रह्मवेत्ताम् होते चले आए हैं और कोई ब्रह्मवेत्ताम् ब्रह्मेः, ब्रह्म का चिन्तन करते हुए उनके ऊपर अन्वेषण करते हुए, परन्तु ये जो विज्ञान की प्रतिभा का जन्म हुआ है, ये जो तुम्हारे अन्तर्हृदय में इस प्रकार की जो भावना जागरुक हुई है कि मैं विज्ञानवेत्ता बनूँ, वैज्ञानिक बन करके मानो अपनी आभा में परणित हो जाऊँ, मेरे प्यारे! देखो, ये प्रेरणा तुम्हें कहाँ से प्राप्त हुई? तो मुनिवरों! देखो, महर्षि भारद्वाज मुनि बोले, क्या इसमें सबसे प्रथम तो मानो देखो शायद मेरी माता है। माता ने मुझे ये प्रेरणा देई। उन्होंने कहा कैसे? हमें वर्णन कराइये भगवन्! मेरे प्यारे! भारद्वाज मुनि बोले कि जब मैं, मेरी अवस्था तीन वर्ष चार दिवस की आयु थी। एक समय माता-पिता प्रातःकालीन ब्रह्मयाग कर रहे थे। और ब्रह्म का चिन्तन करते हुए क्योंकि गृह जब भी स्वर्ग बनते हैं, भारद्वाज कहते हैं जब भी स्वर्ग बनते हैं तो माता-पिता को प्रातःकालीन ब्रह्म का चिन्तन करना चाहिए। और **ब्रह्म का चिन्तन जितना किया जाएगा, उतना गृह का परमाणुवाद पवित्र बनेगा।** और उनके गृह में मानो वास करने वाले बाल्य-बालिका, वे सदैव मानो देखो उन गुणों को अपनाने वाले बनेंगे, गृह स्वर्ग बन जाएगा। इसीलिए अमृतम् ब्रह्माः, ये ब्रह्म का चिन्तन होना चाहिये। पति-पत्नी अपने आसन पर विद्यमान हैं। दोनों चर्चा कर रहे हैं और उद्गीत गा रहे हैं कि हमें, ब्रह्म

कैसा है, ब्रह्म इस संसार का नियन्ता है, निर्माण करने वाला है। हमारे शरीर को कैसा निर्माणित किया है। मानो देखो इस प्रकार के विज्ञान की चर्चा माता-पिता करते हैं, ज्ञान की और ब्रह्म प्रतिभा की, तो बाल्य-बालिका उस गृह में बेटा! पवित्र बन जाते हैं।

मेरे प्यारे! मैं आज तुम्हें विशेषता में नहीं ले जाऊँगा। केवल विचार-विनिमय ये आज दूरी नहीं जाना चाहता हूँ। मेरे पुत्रों! देखो भारद्वाज मुनि बोले, क्या मेरे पिता का नाम रेवणी भारद्वाज, रेवणी भारद्वाज मुनि महाराज ब्रह्म का चिन्तन करने के पश्चात् ये निश्चय हुआ, क्या अब चलो, देवयाग करेंगे। और देवयाग के पश्चात् उन्होंने निश्चय किया, आज ब्रह्मयाग (पितरयाग) करेंगे। उन्होंने अपने पिता, महापिता, अथाहम् ब्रह्मेः, पितर याग के लिए बेटा! वो परणित हो गए। पितर याग में बेटा! देखो, पितर पिता, महापिता, पड़पिता, जो भी संसार में थे आचार्यजन उन्हें सबको निमन्त्रित किया और निमन्त्रित करने के पश्चात् मानो देखो ब्रव्हे क्रतम् दिव्य प्रवाहा विद्यमान हो गए। अमृताम् देखो निमन्त्रण दिए गए वे सब निमन्त्रण के कथना उन्हें भोज कराया। नाना प्रकार के पदार्थों को पान कराया। और उन्होंने बारी-बारी सब ऋषि मुनियों ने मेरे पितर को सुन्दर आशीर्वाद के रूप में दो-दो शब्दों की विवेचना करना, क्योंकि वे तपस्वी थे और **तपस्या के दो-दो शब्द जो होते हैं वे बड़े महान् होते हैं।** वे कहते थे, पितर! आपको मैंने तुम्हें भोज कराया है। मैं आपका मानो देखो पितरयाग में परणित हो गया हूँ। हे पितर! मुझे कोई न कोई उपदेश दीजिए, जिससे मेरा कल्याण हो जाए। तो मेरे प्यारे! देखो पितरजनों का ये सदैव एक कृत रहा है। परम्परागतों में एक नृत होता रहा है क्या अपने मुखारबिन्दु से कुछ न कुछ कोई उद्गीत गाना। वे कहते कि तुम्हारे जीवन में सदैव यौगिकता बनी रहे। और वो यौगिकता और महान् बने। मानो तुम यागों में परणित होते रहो। इस प्रकार देखो, उनके महापितर ने ये वाक्य कहा। और उन्होंने कहा कि तुम अतिथियों का पूजन पितरों का याग करते रहो। क्योंकि **पितरों का याग करने से तुम्हारे हृदय में नम्रता आती है। और जितनी भी नम्रता होती**

है उतना ही मानव का कल्याण होता है। जितना मानव में अभिमान होता है—अभिमान उस काल में होता है जब वो अज्ञान में परणित हो जाता है और उस परमपिता परमात्मा को अपने से दूरी कर देता है, पितरों को दूरी कर देता है तो उसमें अज्ञान, अभिमान आता है। अभिमान से देखो अभिमानम् ब्रव्हे, और अभिमान से अज्ञान आ जाता है। अज्ञान के पश्चात् अन्धकार आ जाता है। अन्धकार के पश्चात् देखो उसकी मृत्यु हो जाती है।

मेरे पुत्रों! देखो पितर ये शिक्षा दे करके, वहाँ से उन्होंने प्रस्थान किया। मानो देखो इतने में मैं भी बाल्यकाल था, क्रीड़ा करते हुए अपने पितर के आँगन में प्रवेश कर गया। उन्होंने कहा देवी से, मेरी प्यारी माता से कहा हे दिव्या! तुमने बाल्य को भोज कराया अथवा नहीं। तो सबसे प्रथम जब मेरे से ये प्रश्न किया तो मैंने एक वाक्य मिथ्या उच्चारण कर दिया, क्या मैंने भोज नहीं किया। उन्होंने मेरी प्यारी माता शकुन्तका से कहा, हे शकुन्तका! तुमने बाल्य को भोज नहीं कराया है? उस समय माता ने कहा, प्रभु मैंने इसे भोज्य करा दिया है। ये मिथ्या उच्चारण कर रहा है। तो मेरे प्यारे! देखो उस समय पितर क्या कहते हैं। पितर ने कहा, हे बाल्य, हमारे वंशलज में कोई मिथ्यावादी अब तक नहीं हुआ, तुम कैसे मिथ्यावादी बन गए? हे बाल्य! हमारा गृह, जिस गृह में बाल्य देखो मिथ्यावादी होते हैं, वो गृह अशुद्ध हो जाता है। उस गृह का परमाणुवाद देखो अपवित्र हो जाता है। मेरे प्यारे! देखो, मैं उस समय शान्त रह गया और माता-पिता के वे शब्द मेरे अन्तर्हृदय पर अंकित होने लगे। माता ने ये कहा, हे बाल्य! तूने मेरे गर्भस्थल से जन्म लिया है, ये मेरा गर्भाशय दूषित हो गया है। मेरे पुत्रों! देखो भारद्वाज कहते हैं, क्या मैं उसी प्रेरणा को ले करके मानो देखो मेरे पितर ने जब मुझे तत्वमुनि के यहाँ विद्यालय में प्रवेश किया तो मेरा अध्ययन करने का परमाणु विद्या को जानने के लिए मैं तत्पर हो गया। और मैंने वेद में उसी विद्या का अध्ययन किया जिस अध्ययन के लिए मैं परिणतम् ब्रहा, अपने में परमाणुवाद को जानने में तत्पर हो गया। परिणाम ये हुआ कि मैं उसी आभा में, मानो देखो माता ने जब मुझे अमृताम् उपदेश दिया, मेरा

उपनयन आचार्य के कुल में हुआ। मैं परमाणु विद्या को अध्ययन करने लगा। मानो देखो मेरे जो पितर थे आचार्यजन। एक समय आचार्यजन ने मुझे परमाणु विद्या में दृष्टिपात कराया तो मानो मैं अपने में महान् बन गया। मानो देखो मैं ब्रह्मचारियों की जब परीक्षा आता, परीक्षाफल में मानो कहीं किसी से प्रथम आता, किसी में द्वितीय आता। मैं अपनी विद्या में पारायण बन गया। मानो मेरे पितर के यहाँ एक विज्ञानशाला थी। उस विज्ञानशाला में सबसे प्रथम उस काल में महर्षि तत्वमुनि के यहाँ एक यन्त्र का निर्माण किया गया था। जिस यन्त्र में देखो अन्तरिक्ष की यात्रा करते थे। मानो देखो एक समय मुझे अमृताम् ब्रह्मणे, भारद्वाज कहते हैं, क्या मैं, एक सुमितर, देखो सुमिता ब्रह्मचारी थे, महर्षि तत्वेश्वर ऋषि महाराज के पुत्र। मानो दोनों देखो यन्त्र में विद्यमान होकर के और अन्तरिक्ष के लिए आचार्य ने हमें देखो उड़ाने में प्रतप्त किया। विचार आया, भारद्वाज कहते हैं क्या मैं देखो वो यन्त्र यहाँ से आचार्य के कुल से जब यन्त्र गमन करता है तो यन्त्र मानो देखो भ्रमण करते हुए सबसे प्रथम यन्त्र चन्द्रमा में पहुँचा। और चन्द्रमा से उड़ाने उड़ी तो वो बुध में चला गया। और बुध से जब उड़ाने उड़ीं तो शुक्र में चला गया। शुक्र से उड़ाने उड़ीं तो वो मङ्गल में चला गया। मङ्गल से उड़ाने उड़ीं तो मृतिका मण्डल में चला गया। मृतिका मण्डल से उड़ाने उड़ीं तो वह वशिष्ट मण्डल में चला गया। वशिष्ट मण्डल से उड़ान उड़ी तो अरुन्धति में चला गया। और अरुन्धति से उड़ान उड़ी तो मौमकेतु मण्डल में प्रवेश कर गया। मौमकेतु मण्डल से उड़ान उड़ी तो कृतिका मण्डल में प्रवेश कर गया। कृतिका मण्डल से उड़ान उड़ी तो विश्वेषकेतु मण्डल में प्रवेश कर गया। विश्वेषकेतु मण्डल से उड़ाने उड़ी तो वह वसांगति मण्डल में प्रवेश कर गया। वसांगति मण्डल से उड़ाने उड़ता हुआ वह मृचिका मण्डल में प्रवेश कर गया। और मृचिका से उड़ाने उड़ी तो वह स्वाति में चला गया। और स्वाति से उड़ाने उड़ी तो मुनिवरों! देखो वह पुष्प नक्षत्र में प्रवेश कर गया। हे प्रभु! मुझे स्मरण है भली-भाँति, वह बहत्तर लोकों का भ्रमण करके और वह यान देखो तत्वमुनि के आश्रम में प्रवेश कर गया।

मेरे प्यारे! देखो, भारद्वाज ने कहा, प्रभु, **ये जो मुझे प्रेरणा प्राप्त हुई है, ये मेरी माता की प्रेरणा है, पितर का आदेश है।** पिता की ही प्रेरणा है। आचार्यों की प्रेरणा से मानो देखो मैं, अमृताम् भूतम् ब्रह्मणे और मुझे तत्वमुनि महाराज की प्रेरणा से मैंने मानो देखो उस परमाणु विद्या के ऊपर अध्ययन प्रारम्भ किया। मैं इस प्रकृति के स्वरूप में प्रवेश कर गया हूँ। मैंने नाना प्रकार के यन्त्रों का निर्माण किया। मेरे प्यारे! देखो महर्षि भारद्वाज मुनि ने कहा, प्रभु, मैं इन्हीं में मानो संलग्न रहता हूँ। मुझे यह प्रेरणा, मुझे माता ने देई है। क्योंकि **माता संसार में सबसे महान् प्रेरक होती है।** वो प्रेरणा देने वाली होती है। इसीलिए जो माता ने मुझे जो प्रेरणा दी है उसी प्रेरणा के आधार पर मैं अपने क्रियाकलाप में परणित हूँ। आचार्य मुझे प्राप्त हो जाते हैं मनस्तत्त्व के आधार पर।

मेरे प्यारे! देखो विचार विनिमय क्या, हमारे इन वाक्यों को मैं दूरी न ले जाऊँ। विचार तो मेरे प्यारे! आते ही रहते हैं। परन्तु विचार-विनिमय ये कि हमारा वेद मन्त्र क्या कह रहा है, वेद मन्त्र कहता है **वसुन्धरम् ब्रह्माः क्रतम! देवत्वाम् ब्रह्मेः!** हे माता वसुन्धरा! तू हमारा कल्याण करने वाली है। हे माता तुझे वेद ने सुमिता कहा है, कहीं रेणु कहा है, कहीं मानो देखो धेनु कहा है। नाना प्रकार के रूपों में तेरा वर्णन आता रहा है। तू प्राण और अपान को एकाग्र करती हुई तू गर्भ की आत्मा से वार्त्ता प्रगट करती रहती है। ये चर्चाएँ तो बेटा! हम सदैव गान गाते रहते हैं, वेद मन्त्रों में इस प्रकार की विद्याओं का वर्णन आता रहता है। आज का विचार क्या। मेरे प्यारे! देखो, भारद्वाज मुनि आश्रम में प्रायः देखो वृतम् होता रहा और ये चित्रावलियाँ बनती रहीं हैं। विज्ञान अपनी सीमा पर बड़ा विचित्र बनकर के रहा है। ये है बेटा! आज का वाक्।

आज के वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय ये, क्या जितना भी ये जड़ जगत और चैतन्य जगत है मानो उसमें परमपिता परमात्मा, दोनों प्रकार के जगत में विद्यमान हैं, उसी में निहित हैं। वही मेरे प्यारे! देखो वसुन्धरा

बन करके इस ब्रह्माण्ड को अपने में धारण किए रहता है। प्रत्येक परमाणु अपनी-अपनी आभा में गतिवान रहा है। ये है बेटा! आज का वाक्। अब मुझे समय मिलेगा, मैं तुम्हें शेष चर्चायें कल प्रगट कर पाऊँगा। आज का विचार अब समाप्त, अब वेदों का पठन-पाठन।

ओ३म् देवाः आपा रथम् माऽम् गायन्त्वा रथम्।
ओ३म् जनिता रेविरनाहा आपा रेवम् आभ्याम्।।

महर्षि महानन्द मुनि जी—अच्छा भगवन्।
पूज्यपाद-गुरुदेव—आनन्दित रहो।

दिनाँक : 7 जनवरी, 1990
समय : रात्रि 8 बजे
स्थान : श्री निरंकार सिंह त्यागी
ग्राम महादों, मेरठ

सदस्यता

पूज्यपाद ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज की ज्ञान गङ्गा का मासिक पत्रिका ''यौगिक प्रवचन'' में, वैदिक अनुसन्धान समिति द्वारा प्रकाशन किया जाता है और जिस के आजीवन सदस्य बनने के लिए शुल्क दिनाँक 1 जनवरी 2019 से 1500 रु. और वार्षिक सदस्य बनने के लिए शुल्क 150 रु. होगा, जिसको आप समिति के पते के साथ-साथ निम्न किसी एक पते पर भी डाक द्वारा भेजकर सदस्य बन सकते हैं—

1. डॉ. मधुसूदनेश्वर प्रकाश, प्रकाशन मन्त्री
ए-59, पञ्चशील एन्क्लेव, नई दिल्ली-110017, फोन : 011-41030481
2. सुश्री नीरू अबरोल, कोषाध्यक्ष
K-3, लाजपत नगर,-III, नई दिल्ली-110024 फोन : 011-41721294
3. श्री जितेन्द्र चौधरी, प्रचार मन्त्री
ए-84, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017, मोबाइल : 9811707343

॥ ओ३म् ॥

महर्षि सम्भूति ऋषि द्वारा तप की विवेचना

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा अनन्तमयी माने गए हैं और वे सर्वज्ञ हैं। इसीलिए हम उस परमपिता परमात्मा की महती और उसकी अनन्तता के ऊपर सदैव विचार-विनिमय करते रहते हैं। क्योंकि वह ऐसा अनन्तमयी है, वे इस संसार का नियमन कर रहे हैं अथवा इसको गतिवान् बना रहे हैं जिससे सर्वत्र ब्रह्माण्ड अपने में गतिवान् दृष्टिपात आता रहता है। एक-दूसरे में ये संसार प्रायः दृष्टिपात आता रहता है। एक-दूसरे में ये पिरोया हुआ सा ही दृष्टिपात आता है। जैसे मानो हमारे यहाँ ये पृथ्वी गुरुत्व में पिरोयी हुई रहती है और गुरुत्व तेजोमयी में पिरोया हुआ है और तेजोमयी अग्नि में पिरोया हुआ है। और ये अग्नि वायु में पिराई हुई है। और ये जो वायु है ये पञ्चम् ब्रव्हा कृत्य है। ये सर्वत्र मानो एक-दूसरे में पिरोयी हुई, एक विचित्र सी माला दृष्टिपात आती रहती है। जिस माला को दार्शनिकजन मानो अपने में धारण करते रहे हैं और विचारवेत्ता इस विचार में तल्लीन रहते हैं कि हमारा मानवीयत्व सर्वत्रता में हमें दृष्टिपात आता रहे। क्योंकि प्रत्येक मानव परम्परागतों से ही नाना प्रकार की मालाओं को धारण करता रहा है। जैसे मेरी प्यारी माता अपने गर्भस्थल में मानो एक शिशुओं की माला को अपने में धारण करती रहती है। और मानो प्रथम तो वह

माला के स्वरूप में विद्यमान रहे, उसी के पश्चात् वो पिण्ड के रूप में दृष्टिपात आते रहते हैं। और वे जहाँ पिण्ड रूप में बनें, उनके आकारों में ये सर्वत्रता हमें दृष्टिपात आती रहती है।

बेटा! इसी प्रकार मानो देखो ममता में जो शब्द है, वह उस शिशु के साथ में पिरोया हुआ है। यदि शिशु नहीं होता तो माता का कोई महत्त्व नहीं होता। तो इसीलिए वह भी एक-दूसरे में माला के सदृश ही दृष्टिपात आता रहता है। मानो देखो, इसी प्रकार ये ब्रह्माण्ड है और ये ब्रह्माण्ड उस शिशु में पिरोया हुआ है। यदि ब्रह्माण्ड का और मानव का यदि कोई समन्वय नहीं होता तो एक-दूसरे का कोई सम्बन्ध अथवा एक-दूसरे का अपना कोई महत्त्व नहीं माना गया है। क्योंकि **मानव जब भी जानकारी करता है, वह अपने को मानो अपने में ही पिरोना प्रारम्भ कर देता है।** जैसे एक मानव विज्ञानवेत्ता बनना चाहता है तो वह विज्ञानवेत्ता, मुनिवरों! देखो विज्ञान में अपने को विज्ञान में दृष्टिपात करता है। और वो जब अपने को विज्ञान में दृष्टिपात करता है, तो वही मानव देखो बाह्य जगत में, आन्तरिक जगत और बाह्य जगत का, दोनों का समन्वय करता हुआ, मेरे पुत्रों! देखो, उस माला का माला से समन्वय कर देता है तो वह विज्ञानवेत्ता की प्रतिभा में निहित हो जाता है।

आनन्द की अनुभूति

आओ मेरे पुत्रों! मैं इस सम्बन्ध में विचार नहीं दूँगा तुम्हें, केवल विचार-विनिमय इतना ही है कि हम एक-दूसरे में पिरोये हुए दृष्टिपात आते हैं। इसीलिए सबको धारण करने वाला वह परमपिता परमात्मा है जो हमारा प्रत्येक वेदमन्त्र बेटा! हमें अपनी आभा में परणित कर रहा है। प्रत्येक वेदमन्त्र में नाना प्रकार के भाव प्रायः हमारे समीप आते रहते हैं। ऋषि-मुनि, बेटा! अपनी स्थलियों पर विद्यमान हो करके एक-एक शब्द के ऊपर अन्वेषण करते रहे। एक-एक वाक्य के ऊपर अपने में रचना को दृष्टिपात करते रहे हैं जिससे मुनिवरों! देखो, बाह्य और आन्तरिक जगत दोनों का समन्वय होकर के और दोनों के इस रूप को जानकर के हम संसार सागर से

पार हो जाएँ। और हमारा जो आत्मिक मन्तव्य है उससे हम बाह्य और आन्तरिक दोनों को अपने में समावेश करके हम प्रभु के समीप जा सकते हैं। मेरे प्यारे! देखो, परम्परागतों से ऋषि-मुनि, प्रायः अपने में प्रत्येक ऋषि-मुनि ही नहीं, प्रत्येक मानव ये परम्परागतों से चाहता रहा है और ये विचार बनते रहे हैं कि हम अपने में अपने को जानते हुए इस सागर से पार हो जाएँ। हम, प्रभु जो हमारा रचयिता है, निर्माण करने वाला है, गतिवान् है, गति दे रहा है, हम उस प्रभु के समीप चलें और एक आनन्द की अनुभूति को हम प्राप्त करते रहें। मेरे प्यारे! देखो, हमारे यहाँ प्रत्येक मानव अपने में मुनिवरों! देखो अपनेपन का ही भान करता और विचारता रहा है।

महर्षि सम्भूति ऋषि महाराज का आश्रम

